सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए

सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए
संतों में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए,

मीरा को मारने को राणा ने जहर भेजा
जहरो के प्याले में घनश्याम नजर आए
सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए ,

मीरा को मारने को राणा ने नाग भेजा
नागों के पिटारे में घनश्याम नजर आए
सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए ,

मीरा को मारने को राणा जी चले आए
राणा की कटारी में घनश्याम नजर आए
सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए ,

मीरा तो दीवानी थी नंदलाल दुलारे की
ब्रज गलियन में देखूं घनश्याम नजर आए
सत्संग में बैठ मीरा गोपाल भजन गाए ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15131/title/satsang-me-beth-meera-gopal-bhajan-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |